# समय पर पहचान होने से कैंसर को रोकना संभव

## विश्व कैंसर दिवस पर कार्यपालक निदेशक एवं सीईओ प्रो. डॉ. माधवानंद कर ने कहा



**भोपाल, 4 फरवरी. विश्व कैंसर दिवस के अवसर पर एम्स भोपाल के कैंसर उपचार केंद्र में व्यापक कैंसर जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य आम नागरिकों, रोगियों और देखभालकर्ताओं को कैंसर की रोकथाम, समय पर पहचान और उपचार के प्रति जागरूक करना रहा। कार्यक्रम का उद्घाटन कार्यवाहक चिकित्सा अधीक्षक प्रो. डॉ. विकास गुप्ता ने किया ।**

कार्यक्रम में कैंसर से स्वस्थ हो चुके रोगियों ने अपने अनुभव साझा किए और संघर्ष से सफलता तक की प्रेरक यात्रा बताई। विशेषज्ञों ने सामान्य कैंसर के लक्षणों, संकेतों तथा स्तन कैंसर की प्रारंभिक जांच और स्क्रीनिंग पर सरल भाषा में जानकारी दी। एम्स भोपाल के कार्यपालक निदेशक एवं सीईओ प्रो. डॉ. माधवानंद कर ने कहा कि समय पर पहचान होने पर 70 से 80 प्रतिशत कैंसर को रोका या नियंत्रित किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि कैंसर से जुड़े सामाजिक भ्रम दूर करना जरूरी है और बीमारी को छिपाने की बजाय सही जानकारी और इलाज अपनाना चाहिए।

कार्यक्रम के दौरान आकाशवाणी विविध भारती और दूरदर्शन भोपाल के माध्यम से कैंसर जागरुकता से जुड़े विशेष कार्यक्रमों का प्रसारण भी किया गया। इसमें कैंप सुविधा, रेडियोथेरेपी, न्यूक्लियर मेडिसिन और कैंसर ओपीडी सेवाओं पर जानकारी दी गई। कार्यक्रम के अंतर्गत शब्दों से सहारा कैंसर देखभाल में संवाद विषय पर सतत चिकित्सा शिक्षा सत्र और पैनल चर्चा आयोजित की गई। विशेषज्ञों ने हिंदी में कैंसर संचार की चुनौतियों और संभावनाओं पर विचार साझा किए। कार्यक्रम के समापन पर कैंसर से सफलतापूर्वक जंग जीत चुके रोगियों का सम्मान किया गया, जिनकी कहानियां अन्य रोगियों के लिए आशा और प्रेरणा बनीं।




## विश्व कैंसर दिवस पर निकाली जागरुकता रैली

**भोपाल,4 फरवरी. (नवभारत संवाददता).** विश्व कैंसर दिवस पर बुधवार को जयप्रकाश जिला चिकित्सालय से जागरूकता रैली आयोजित की गई, जिसे सीएमएचओ ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया. रैली के माध्यम से कैंसर के लक्षणों की पहचान और उपचार का संदेश दिया गया. कैंसर दिवस के अवसर पर जिले की स्वास्थ्य संस्थाओं में परमर्श और जागरुकता शिविर आयोजित किए गए. जिसमें मुख, स्तन कैंसर, सर्वाइकल कैंसर तथा अन्य कैंसर के लक्षणों की जानकारी दी गई. इस दौरान आयुष्मान आरोग्य मंदिरों में तंबाकू के दुष्प्रभावों एवं कैंसर जागरुकता के लिए प्रश्नोत्तरी, रैली निबंध एवं चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित की गई. सीएमएचओ डॉ. मनीष शर्मा ने बताया कि आयुष्मान आरोग्य मंदिर स्तर तक कैंसर के प्रारंभिक लक्षणों की पहचान की जा रही है. जिला चिकित्सालय में सीटी स्कैन और एमआरआई जैसी उच्चस्तरीय जांच सुविधाएं उपलब्ध हैं.

## 1984 के हादसे से प्रभावित आबादी में कैंसर की दर बढ़ी

- **कैंसर दिवस पर संभावना ट्रस्ट क्लीनिक ने दी जानकारी**

**भोपाल, 04 फरवरी.** विश्व कैंसर दिवस के अवसर पर आयोजित पत्रकार वार्ता में संभावना ट्रस्ट क्लीनिक के सदस्यों ने यह जानकारी पेश की कि 1984 की यूनियन कार्बाइड हादसे से प्रभावित आबादी में कैंसर की दर, अपीड़ित आबादी की तुलना में लगभग 13 गुना ज्यादा है. आंकड़ों से यह भी पता चलता है कि गैस पीड़ित महिलाओं की अपेक्षा गैस पीड़ित पुरुषों में कैंसर का दर ज्यादा है. यह भी देखा गया है कि गैस पीड़ित आबादी में खून, फेफड़े और गले के कैंसर की दर सबसे ज्यादाहै.1996 में स्थापित संभावना ट्रस्ट क्लीनिक भोपाल में यूनियन कार्बाइड हादसे के पीड़ितों को मुफ्त इलाज मुहैया कराता है.




क्लीनिक की सामुदायिक स्वास्थ्य सर्वेक्षण यूनिट के सदस्य राधे लाल नापित ने कहा, हमने 21, 276 गैस पीड़ितों और 25,528 अपीड़ित व्यक्तियों के स्वास्थ्य की स्थिति के बारे में जानकारी इकट्ठा की है, जिनकी आय और शिक्षा समान है. कैंसर का आंकड़ा उन सभी लोगों का है, जिन्हें 1992 और 2012 के बीच कैंसर का पता चला था. हमारे पास कैंसर वाले लगभग सभी व्यक्तियों के मेडिकल रिकॉर्ड की कॉपी हैं. फरहत जहांजो इस और अन्य जानकारी इकट्ठा करने के लिए घर-घर जाने वाली टीम का हिस्सा हैं, ने कहा कि हमारा आंकड़ा यह दिखाता है कि जबकि गैस पीड़ित आबादी में कैंसर की दर प्रति 100,000 पर 1569.84 है, वहीं अपीड़ित आबादी में यह प्रति 100,000 पर 117.52 है.

# चिरायु में कैंसर के इलाज की आधुनिक प्रगति से कराया रूबरू

- **चिरायु कैंसर अस्पताल में सम्मान समारोह**
- **कैंसर देखभाल के 10 सफल वर्ष पूरे**




भोपाल, 04 फरवरी.
**विश्व कैंसर दिवस के अवसर पर चिरायु कैंसर अस्पताल, भोपाल में एक विशेष जागरुकता एवं सम्मान कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया. इस कार्यक्रम का उद्देश्य कैंसर के प्रति जागरुकता बढ़ाना, इलाज में हुई आधुनिक प्रगति की जानकारी देना तथा कैंसर से जंग जीत चुके मरीजों के साहस, संघर्ष और सफलता को समाज के सामने प्रस्तुत करना रहा. इस अवसर पर चिरायु कैंसर अस्पताल द्वारा भोपाल में कैंसर देखभाल के 10 सफल वर्ष पूरे होने का उत्सव भी मनाया गया.**

कार्यक्रम की शुरुआत कैंसर जागरुकता के संदेश के साथ की गई, जिसमें यह बताया गया कि समय पर जांच, सही इलाज और सकारात्मक सोच के साथ कैंसर जैसी गंभीर बीमारी को भी हराया जा सकता है. इस अवसर पर अस्पताल के चेयरमैन एवं संस्थापक डॉ. अजय गोयंका ने अपने संबोधन में कहा कि पिछले 10 वर्षों में चिरायु कैंसर अस्पताल ने भोपाल और आसपास के क्षेत्रों के हजारों मरीजों को आधुनिक, सुलभ और भरोसेमंद कैंसर उपचार प्रदान किया है. उन्होंने कहा कि अत्याधुनिक तकनीक, अनुभवी चिकित्सकों की टीम और मानवीय दृष्टिकोण के कारण आज चिरायु कैंसर अस्पताल कैंसर उपचार के क्षेत्र में एक विश्वसनीय नाम बन चुका है.

इस अवसर पर मेडिकल ऑन्कोलॉजिस्ट डॉ. अनिकेत गोयंका ने कैंसर उपचार में हुई नई प्रगति पर विस्तार से जानकारी दी. उन्होंने बताया कि आज उन्नत जांच तकनीकों, आधुनिक दवाओं, लक्षित थैरेपी और समग्र उपचार पद्धतियों के कारण कैंसर मरीजों की सर्वाइवल दर में लगातार सुधार हो रहा है. उन्होंने यह भी कहा कि चिरायु कैंसर अस्पताल न केवल इलाज पर, बल्कि मरीजों की शारीरिक, मानसिक और भावनात्मक देखभाल पर भी विशेष ध्यान देता है.

कार्यक्रम का सबसे प्रेरणादायक क्षण तब आया जब 50 से अधिक कैंसर को मात दे चुके मरीजों (कैंसर विजेताओं) ने मंच से अपने सकारात्मक उपचार अनुभव साझा किए.

## भीमबैटका में बनेगा देश का पहला रॉक आर्ट ईको पार्क म्यूजियम

**भोपाल,4 फरवरी.** पुरातत्व और शैलचित्र प्रेमी अब भीमबेटका में वहां के शिलचित्रों के साथ ही देश भर में मिले शैल चित्रों के चुनिंदा संस्करणों को संपूर्ण जानकारी के साथ एक ही स्थान पर देख पाएंगे। इसके लिए रायसेन जिले के भीमबेटका में राक आर्ट इको पार्क म्यूजियम बनाने की तैयारी है। यह देश में अपने तरह का पहला म्यूजियम होगा। प्रागैतिहासिक धरोहर भीमबेटका को नई पहचान देने के लिए मध्य प्रदेश पर्यटन निगम यहां 19 करोड़ रुपये की लागत से राक आर्ट इको पार्क म्यूजियम विकसित कर रहा है। भोपाल के पास स्थित 1.12 हेक्टेयर में प्रस्तावित इस अनूठे संग्रहालय का निर्माण 2028 तक पूरा करने का लक्ष्य है। वर्तमान में डीपीआर पर काम चल रहा है। अस्थायी ढांचे में मिलेगा स्थायी अनुभव पर्यटन बोर्ड के डायरेक्टर प्लानिंग प्रशांत बघेल ने बताया कि प्रस्तावित म्यूजियम की सबसे खास बात इसकी डिजाइन और निर्माण अवधारणा है। इसमें पारंपरिक भवन या हाल बनाने के बजाय अस्थायी सामग्री का उपयोग करके भीमबेटका के मूल परिवेश जैसा ही ईको पार्क' विकसित किया जाएगा।

### एक नजर में

## महाशिवरात्रि महोत्सव की तैयारियां प्रारंभ



**भोपाल, 04 फरवरी.** लगभग 200 वर्ष पूर्व बड़ की जटा से प्रकट हुए स्वयंभू बटेश्वर महादेव के प्राचीन बड़वाले महादेव मंदिर से निकाली जाने वाली भव्य शिव बारात की तैयारियों के लिए बैठकों का दौर प्रारंभ हो गया है मुख्य आयोजन 15 फरवरी महाशिवरात्रि पर होगा. श्री बड़वाले महादेव मंदिर सेवा समिति एवं ट्रस्ट के संजय अग्रवाल एवं प्रमोद नेमा ने बताया कि इस वर्ष भी 21 दिवसिय महाशिवरात्रि महोत्सव का आयोजन 9 फरवरी सोमवार को गणेश पूजन के साथ प्रारंभ होगा 10 फरवरी मंगलवार को ओम नम: शिवाय भजन मंडल द्वारा कीर्तन 11 फरवरी को बाबा बटेश्वर एवं मां भवानी को हल्दी मेहंदी की रस्म अदा की जाएगी 12 फरवरी को अखंड रामायण पाठ का प्रारंभ 13 फरवरी को अखंड रामायण पाठ का विश्राम 14 फरवरी को बाबा बटेश्वर का प्रदोष श्रृंगार दर्शन एवं महाआरती तथा 15 फरवरी महाशिवरात्रि पर्व पर प्रात: 10 बजे भव्य शिव बारात के नगर भ्रमण के पश्चात रात्रि 11 बजे सोमवारा स्थित भवानी मंदिर पर वरमाला का कार्यक्रम होगा. अर्ध रात्रि में पाणी ग्रहण संस्कार व चार प्रहर अभिषेक किया जाएगा.

## परिहार की पुण्यतिथि पर लगेगा शिविर

**भोपाल, 04 फरवरी.** सुप्रसिद्ध समाजसेवी स्वर्गीय राजेश्वर सिंह परिहार की 23वीं पुण्यतिथि पर उनकी स्मृति में 6 फरवरी 2026 को नि:शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिविर सुबह 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक न्यू अशोका गार्डन स्थित स्व राजेश्वर सिंह परिहार मार्ग परिहार चौराहा पर आयोजित होगा। शिविर में प्रबल हॉस्पिटल और अशोका मल्टी स्पेशलिटी क्लीनिक के अनुभवी चिकित्सक नागरिकों का स्वास्थ्य परीक्षण करेंगे। शिविर में जनरल मेडिसिन, शिशु एवं बाल रोग, महिला रोग, त्वचा एवं सौंदर्य, जनरल और लेप्रोस्कोपिक सर्जरी के विशेषज्ञ उपलब्ध रहेंगे। मधुमेह और बीपी जांच के साथ आवश्यक दवाओं का नि:शुल्क वितरण भी किया जाएगा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश शासन के कैबिनेट मंत्री विश्वास कैलाश सारंग तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में भोपाल की महापौर मालती राय उपस्थित रहेंगी।

# राजधानी में गाम्बिया का मनेगा राष्ट्रीय स्वतंत्रता दिवस

- **एलएनसीटी यूनिवर्सिटी में होगा आयोजन**
- **गाम्बिया दूतावास की फर्स्ट सेक्रेटरी भी रहेंगे मौजूद**

**भोपाल, 04 फरवरी. मध्य भारत की प्रतिष्ठित निजी यूनिवर्सिटी एलएनसीटी यूनिवर्सिटी एक ऐतिहासिक अंतरराष्ट्रीय आयोजन की मेजबानी करने जा रही है. आगामी 14 फरवरी 2026 को यूनिवर्सिटी परिसर में पश्चिमी अफ्रीका के देश गाम्बिया का 61वां स्वतंत्रता दिवस भव्य रूप से मनाया जाएगा.**



यह पहली बार होगा जब गाम्बिया जैसे अफ्रीकी देश का राष्ट्रीय स्वतंत्रता दिवस भारत की किसी निजी यूनिवर्सिटी में आयोजित किया जाएगा. यह आयोजन भारत और विशेष रूप से मध्य प्रदेश के लिए गौरव का विषय माना जा रहा है. समारोह में गाम्बिया दूतावास की फर्स्ट सेक्रेटरी अजी फॉतुमाता जूफ, द्वितीय सेक्रेटरी उमर संम्पो सीसे तथा अफ्रीकन स्टूडेंट असोसिएशन की सलाहकार इंद्राणी मूले की उपस्थिति रहेगी. गाम्बिया दूतावास द्वारा एलएनसीटी यूनिवर्सिटी का चयन किया जाना यूनिवर्सिटी की अंतरराष्ट्रीय पहचान और भरोसे को दर्शाता है. एलएनसीटी यूनिवर्सिटी में वर्तमान में अफ्रीकी देशों से आए 200 से अधिक विद्यार्थी अध्ययन कर रहे हैं. ऐसे में यह आयोजन उनके लिए भावनात्मक और गर्व का क्षण होगा. स्वतंत्रता दिवस समारोह के दौरान भारत और गाम्बिया दोनों देशों का ध्वजारोहण किया जाएगा, जो आपसी मित्रता और सम्मान का प्रतीक बनेगा. कार्यक्रम में भारत और गाम्बिया की सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी होंगी. भारतीय शास्त्रीय और लोक नृत्य के साथ गाम्बिया के पारंपरिक नृत्य और संगीत दर्शकों को दोनों देशों की सांस्कृतिक विरासत से परिचित कराएंगे.

## अंतरक्षेत्रीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता 11 से

**भोपाल 04 फरवरी.** केन्द्रीय क्रीडा एवं कला परिषद, एम.पी. पॉवर मैनेजमेंट कंपनी लिमिटेड जबलपुर के तत्वावधान में 47वीं अंतरक्षेत्रीय खेल प्रतियोगिताओं के तहत वर्ष 2025-26 में विभिन्न अंतरक्षेत्रीय खेल एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं होंगी. इसी क्रम में एथलेटिक्स प्रतियोगिता का आयोजन राजधानी भोपाल में किया जा रहा है. दो दिवसीय अंतरक्षेत्रीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता 11 एवं 12 फरवरी को केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल बीएचईएल भोपाल में आयोजित होगी.

## भवानी चौक पर सदस्यता अभियान आज

- **सनातनी सदस्यता अभियान के तहत होगा आयोजन**

**भोपाल, 04 फरवरी. नगर में सनातन संस्कृति, परंपरा और हिंदू उत्सवों के संरक्षण एवं संवर्धन के उद्देश्य से सक्रिय श्री हिंदू उत्सव समिति ( रजि. 63 ) द्वारा प्रारंभ किया गया सनातनी सदस्यता अभियान अब जनआंदोलन का रूप लेता दिखाई दे रहा है.**

इस अभियान की औपचारिक शुरुआत 2 फरवरी से हो चुकी है, जिसके अंतर्गत गुरुवार को प्रात: 11 00 बजे से कफ्यू वाली माता दुर्गा मंदिर, भवानी चौक सोमवारा में सदस्यता कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा. समिति के अध्यक्ष चंद्रशेखर तिवारी ने जानकारी देते हुए बताया कि संगठन ने आगामी एक वर्ष में एक लाख सनातनी सदस्यों को जोड़ने का महत्वाकांक्षी लक्ष्य निर्धारित किया है. इसके लिए भोपाल के हर कोने, हर वार्ड और हर बस्ती में संपर्क अभियान चलाया जाएगा, ताकि समाज के प्रत्येक वर्ग-माताएं, बहनें, युवक एवं युवतियां सनातन एकता की इस मुहिम से जुड़ सकें.

### पर्ल म्यूजिकल नाइट विद स्पेशल टैलेंट्स 7 को

भोपाल, 04 फरवरी. लायंस क्लब भोपाल पर्ल द्वारा संस्कृति विभाग के सहयोग से एम्पल ड्रीम्स एजुकेशन सोसाइटी के संयुक्त तत्वाधान में रविंद्र भवन में 7 फरवरी को सायं 5 बजकर 30 बजे से पर्ल म्यूजिकल नाइट विद स्पेशल टैलेंट्स का आयोजन किया जाएगा. यह संगीतमय कार्यक्रम प्रतिभाशाली दृष्टि बाधित और ऑटिस्टिक युवाओं की गायन प्रतिभा को समर्पित होगा.



## चैंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष ने की भाजपा नेताओं से भेंट

- **उपाध्यक्ष, कोषाध्यक्ष व अन्य सदस्य रहे मौजूद**

**भोपाल, 04 फरवरी. चैंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष गोविंद गोयल के नेतृत्व में पदाधिकारियों ने मंत्री महापौर से भेट की. अध्यक्ष गोयल और अन्य पदाधिकारी ने जीत के बाद भाजपा नेताओं से भेंट की.**

प्रदेश शासन के मंत्री विश्वास सारंग, विधायक रामेश्वर शर्मा, भारतीय जनता पार्टी मीडिया प्रभारी आशीष अग्रवाल, भारतीय जनता पार्टी महामंत्री राहुल कोठारी, महापौर मालती राय से भेंट की. सभी ने अध्यक्ष गोविंद गोयल और पदाधिकारियों सहित संपूर्ण टीम को शुभकामनाएं दी और कहा व्यापारिक हित और व्यापारिक समस्याओं के लिए हम सदैव चेंबर ऑफ कॉमर्स के साथ खड़े हैं.

इस मौके पर उपाध्यक्ष आदित्य मनिया, अरविंद जैन, मंत्री सुनील जेनबीन, संजीव जैन गेहूं, अजय देवनानी, कोषाध्यक्ष प्रदीप सेवानी और कार्यकारणी सदस्य वात्सायन जैन सोनू भाभा, अनिल मिश्रा मनोज साहू कल्लू, आदित्य सिंघई , कमल भंडारी, सचिन जैन, सच्च जवाहर कोटवानी, स्मिथ जैन के साथ विशेष रूप से विनोद जैन एमपीटी, अशोक सिंघई भी मौजूद थे.

**पीएसबीएच कार्यक्रम** | महाविद्यालय की अधिष्ठाता डॉ कविता एन सिंह ने कहा

# वैज्ञानिक सोच के साथ कार्य करने किया प्रेरित

**भोपाल, 04 फरवरी. गांधी चिकित्सा महाविद्यालय के सामुदायिक चिकित्सा विभाग में दो दिवसीय पीएसबीएच कार्यक्रम का आयोजन किया गया.कार्यक्रम का उद्घाटन महाविद्यालय की अधिष्ठाता डॉ कविता एन सिंह ने किया. उन्होंने अपने संबोधन में शोध कार्य को चिकित्सा शिक्षा का महत्वपूर्ण आधार बताते हुए विद्यार्थियों को समर्पण, नवाचार और वैज्ञानिक सोच के साथ कार्य करने के लिए प्रेरित किया.**



इस अवसर पर सामुदायिक चिकित्सा विभाग के डॉ. देवेंद्र गौर, डॉ मंजू टोप्पो, डॉ पद्मा, डॉ. अंशुली, डॉ. जीवन, डॉ. माधव सहित विभाग के सभी संकाय सदस्य उपस्थित रहे. कार्यक्रम को विद्यार्थियों के लिए सीखने और व्यवहारिक अनुभव प्राप्त करने का महत्वपूर्ण अवसर बताया गया. बता दें कि इस कार्यक्रम के अंतर्गत एमबीबीएस तृतीय वर्ष के विद्यार्थी समूहों में कार्य करते हुए तीन माह की अवधि का शोध प्रोजेक्ट पूरा करेंगे.

> शोध के माध्यम से विद्यार्थियों को सार्वजनिक स्वास्थ्य से जुड़ी समस्याओं की पहचान और उनके समाधान का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया जाएगा. यह शोध कार्यक्रम सामुदायिक चिकित्सा विभाग द्वारा पिछले 22 वर्षों से लगातार प्रतिवर्ष आयोजित किया जा रहा है. कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में अनुसंधान कौशल विकसित करना, वैज्ञानिक दृष्टिकोण को सुदृढ़ करना तथा बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं के लिए समस्या समाधान की क्षमता बढ़ाना है.

## आज शाम मंचित होगा हास्य-व्यंग नाटक

**भोपाल, 04 फरवरी. द रिफ्लेक्शन सोसाइटी फॉर परफॉर्मिंग आर्ट एंड कल्चर भोपाल की नई प्रस्तुति के रूप में हास्य-व्यंग नाटक ये तो चमत्कार है का मंचन गुरुवार को शाम 7 बजे किया जाएगा. यह नाटक रंग श्री लिलिट बेल ट्रूप, साइंस सेंटर के पास, स्मार्ट सिटी रोड में आयोजित होगा. नाटक का प्रवेश पूर्णत: नि:शुल्क रखा गया है.**

इस नाटक के लेखक एवं निर्देशक वसीम खान हैं. नाटक का मुख्य उद्देश्य युद्ध के दुष्परिणामों को हास्य और व्यंग के माध्यम से सामने लाना है. कहानी यह संदेश देती है कि युद्ध केवल जान-माल की हानि ही नहीं करता, बल्कि समाज, मानवता और भविष्य को भी गहरा नुकसान पहुंचाता है. नाटक यह सवाल भी उठाता है कि कई देश अमन के नाम पर अपने फायदे के लिए युद्ध को सर्वोपरि क्यों मानते हैं और यह सिलसिला आखिर कब खत्म होगा. कथानक में वैज्ञानिक रिमझिम एक ऐसे नए शोध पर काम करती है, जिसमें न तो किसी नागरिक की जान जाती है और न ही किसी सैनिक की, फिर भी युद्ध कामयाब माना जाता है. यही शोध नाटक को रोचक और विचारोत्तेजक बनाता है.

### मानव विज्ञान और संग्रहालय विषय पर कार्यशाला कल से

**भोपाल, 04 फरवरी.** इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मानव संग्रहालय, भोपाल द्वारा शैक्षणिक एवं जन-संपर्क दायित्वों के अंतर्गत मानव विज्ञान और संग्रहालय विषय पर तीन दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन 6 फरवरी से 8 फरवरी 2026 तक होगा. यह कार्यशाला मानव विज्ञान और संग्रहालय अध्ययन के क्षेत्र में कार्यरत शिक्षकों, शोधार्थियों, विद्यार्थियों एवं पेशेवरों के लिए एक महत्वपूर्ण अकादमिक मंच प्रदान करेगी. संग्रहालय भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विविधता, पारंपरिक ज्ञान प्रणालियों तथा जीवंत विरासत के प्रलेखन, संरक्षण और प्रस्तुतीकरण के लिए समर्पित है. भारतीय समुदायों की जीवन-शैली, परंपराओं और सांस्कृतिक अभिव्यक्तियों को संग्रहालय के माध्यम से व्यापक जनसमुदाय तक पहुँचाने का कार्य किया जाता है. शिक्षा, शोध एवं जन-संपर्क गतिविधियों के माध्यम से संग्रहालय अकादमिक सहयोग और समुदाय सहभागिता को निरंतर प्रोत्साहित करता रहा है.